Html का पूरा नाम Hyper Text MarkUp Language है। यह एक प्रोग्रामिंग लैगवेज है। जिसमें वेब पेजों को बनाने और दिखाने के लिए विभिन्न टैग्स का प्रयोग किया जाता है। एचटीमल कोड को किसी भी टैक्सट एडिटर जैसे नोटपेड में लिखा जा सकता है। इसमें लिखे गए कोड का आउटपूट देखने के लिए ब्राउजर का प्रयोग किया जाता है। इंटरनेट एक्सप्लोरर, नेटस्केप नेविगेटर, ओपेरा या फायरफॉक्स, मॉजिला आदि ब्राउजर(सॉफटवेयर )है। इनमें सर्वाधिक प्रयोग में आने वाला ब्राउजर इंटरनेट एक्सप्लोरर है। विंडोज में इसे अलग से इंस्टॉल करने की आवश्यकता नहीं पड़ती है।

एचटीमल के माध्यम से हम विभिन्न प्रकार के डॉक्यमेंटस को आपस में जोड सकते है। तथा विभिन्न इमेज भी इंसर्ट कर सकते है। इस प्रकार एक ही पेज पर विभिन्न मल्टीमीडिया अवयवो को प्रस्तुत किया जा सकता है।

उदाहरण के लिए यदि किसी कंपनी का वेबसाइट एड्रेस http://www.companyname.com है तो इसका आशय यह है कि यह वर्ल्ड वेब का हिस्सा है तथा एचटीटीपी प्रोटोकॉल का प्रयोग किया जा रहा है।अंत में .com यह बताता है कि यह वेबसाइट व्यावसायिक प्रयोग हेतू है। यह संपूर्ण वेबसाइट एड्रेस URL कहलाता है।

HTTP = Hyper Text Transfer Protocol
URL = Uniform resource Locator (वेबसाइट का एड्रेस)
WWW = World Wide Web

**<u>एलीमेंट</u>**:–एलीमेंट वेब पेज पर सूचनाओं के प्रदर्शित होने के तरीके को दर्शाता है। हैडिंग, पैराग्राफ, हाइपरलिंक, लिस्ट, आदि एलीमेंट के कुछ उदाहरण है। एचटीएमएल में निम्न अवयव होते है–
ओपनिंग टैग (opening tag)
एट्रीब्युट्स (Attributes)
कुछ सूचना अथवा जानकारी
क्लोजिंग टैग (Closing tag)
उदाहरण <p align=”center”> this is a demo.</p>

**<u>टैग (Tag)</u>**:–वेब पेज पर विभिन्न प्रकार के अवयवयो जैसे टेबल, लिस्ट, इमेज आदि को प्रदिर्शत करने के लिए टैग का प्रयोग किया जाता है। किसी टैग को < से प्रारंभ तथा > से समाप्त किया जाता है। ये टैग मुख्यत दो प्रकार के होते है– पेयर्ड (Paired) तथा सिंगुलर टैग (singular)। पेयर्ड टेग में ओपनिंग तथा क्लोजिंग दोनो ही टैग्स होते है जैसे <b>…..</b> जबकि सिंगुलर टैग क्लोजिंग टैग नहीं होता है जैसे <br>। उदाहरण <p align=”center”> this is a demo.</p>

**<u>एट्रीब्यूट(Attributes)</u>**:–इनका प्रयोग किसी टैग की विभिन्न प्रोपर्टीज को निर्धारित करने के लिए किया जाता है। उदाहरण के लिए <p>टैग के Align एट्रीब्यूट का प्रयोग करके पैराग्राफ का अलाइनमेंट Left, right or Center सेट किया जा सकता है। इसी प्रकार <body> टेग के bgcolor एट्रीब्यूट का प्रयोग करके ब्राउजर की बॉडी का बैकग्राउड कलर सेट किया जा सकता है।

उदाहरणः– <body>टेग के bgcolor or <p> टेग के एलाइन एट्रीब्यूट का प्रयोग करके बॉडी का बैकग्राउड रंग हल्का नीला तथा पैराग्राफ को राइट अलाइनसेट किया गया हैः–

```
<html>
        <head>
                <title> Veer teja Colleage</title>
        </head>
        <body bgcolor=”lightblue”>
        <p align=”right”>
                Hello, this is my best colleage
        </p>
        </body>
</html>
```

उपरोक्त को सेव करने के लिए फाइल के नाम के साथ .htm or .html का प्रयोग करते है। अर्थात

**एचटीएमएल फाइल का विस्तारक .htm or .html** होता है।

एचटीएमएल प्रोग्राम का प्रारूपः– एचटीएमएल पेज को मुख्यत दो भागों में विभाजित किया जा सकता है। 1 हेड सेक्शन (Head Section) 2 बॉडी सेक्शन (Body Section)

एचटीएमएल में जो टैग प्रयोग किये जाते है वो निम्न प्रकार हैः–

1 **<html> Tag:-** इस टैग को पेज के प्रारंभ में लगाया जाता है। तथा इसे बंद <html> के द्वारा अंत में बंद किया जात है। यह टैग ब्राउजर को यह बताता है कि इन टैगस के बीच में एचटीएमएल कोड लिखा जाता है।

2 **<head> Tag:-** इस टैग में टाइटल बार पर नजर आने वाला टैक्सट, स्क्रिप्ट, अनय डॉक्युमेंट हेडर तथा मेटा टेग आदि लिखे जाते है। इसे पेज के बॉडी टैग के शुरू होने से पूर्व </head> टैग द्वारा बंद किया जाता है। टाइटल बार पर किसी टैक्सट को प्रदिर्शत करने के एिल इस टैग में <title>टैग का प्रयोग किया जाता है।

3 **<body> Tag:-** इस टैग का प्रयोग ब्राउजर में टैक्सट, इमेज आदि प्रदर्शित करने के लिए प्रयोग किया जाता है। इसे </body> टैग के द्वारा बंद किया जाता है। इस टैग के साथ निम्न एट्रीब्यूटस का प्रयोग किया जात सकता है–

| एट्रीब्यूट | विवरण |
|---|---|
| Background | इसके द्वारा बैकग्राउण्ड इमेज को सेट किया जा सकता है। उदा0 <body Background=”C:\images\demo.jpg”> |
| Bgcolor | बैकग्राउण्ड कलर सेट करने के लिए। उदा0 <body bgcolor=”#ff3300”>, <body bgcolor=”green”> |
| Text | टैक्सट का कलर सेट करने के लिए। उदा0 <body text=”#336699”>, <body text=”green”> |
| topmargin | टॉप तथा बॉटम मार्जिन सेट करने के लिए। उदा0 <body topmargin=”40”> |
| Leftmargin | लेफट और राइट मार्जिन सेट करने के लिए। उदा0 <body leftmargin=”50”> |
| Scroll | स्क्रोलिंग सुविधा को डिसेबल अथवा इनेबल करने के लिए। उदा0 <body scroll=”no”>, <body scroll=”yes” डिफॉलट वैल्यू yes |

**4 <p> टैग (Paragraph Tag):**– इस टैग का प्रयोग पैराग्राफ लिखने के लिए किया जाता है। जब इस टैग का प्रयोग किया जाता है तो पैराग्राफ के उपर व नीचे की तरफ एक खाली लाइन जुड़ जाती है। इसके एट्रीब्युट निम्न है– Align- पैराग्राफ का अलाइनमेंट Left, Right, Center, or Justify सेट करने के लिए। उदाहरण <p align=”left”>

```
<html>
        <head>
                <title> VTMSS </title>
        </head>
        <body Text=”blue” Bgcolor=”black”>
                <p> Hello, This is my College </p>
                <p align=”center”> My name is Premlata</p>
                <p align=”left”> My name is Ravina</p>
                <p align=”Right”> My name is Seema</P>
                <p align=”center”> My name is Sharda</p>
        </body>
</html>
```

**5 <pre> टैग (pre Formatted Text)**- <p> टैग का प्रयोग कर यदि हम दो शब्दो के बीच में एक से अधिक स्पेस दे या एंटर का प्रयोग करे तो आउटपुट में एक से अधिक स्पेस तथा एंटर के स्थान पर एक ही स्पेस आ जाता है। किन्तु यदि हम आउटपुट में पैराग्राफ को वैसा ही देखना चाहते है जैसा कि हमने उसे टाइप किया है तो इसके लिए <pre> टैग का प्रयोग किया जाता है।

HTML

6 **<u><br> टैग (Line Break)</u>-** इस टैग का प्रयोग लाइन ब्रेक करने के लिए किया जाता है। अर्थात इस टैग के बाद दिया जाने वाला टैक्सट अथवा ग्राफिक अगली लाइन में आता है।

```
<html>
        <head>
                <title> VTMSS </title>
        </head>
        <body Text=”blue” Bgcolor=”black”>
                <p> Hello, how R u ?
                                        I am Fine. </p>
                <pre> Hello, How R u?
                                        I am Fine.</pre>
                <p> Hello, <br> how r u ?</P>
        </body>
        </head>
</html>
```

**फॉर्मेटिंग (Formatting)**-वेब पेज पर प्रदर्शित होने वाले टैक्सट को कभी अलग अलग फॉर्मेट में प्रदर्शित करवाने की आवश्यकता पडती है। इसके विभिन्न टैग निम्न प्रकार है जो वेब पेज को अधिक प्रभावशाली बना सकते है–

7 **<u><b>, <I>, <u> टैग</u>**:–इन टैग का प्रयोग टैक्सट को बोल्ड इटेलिक तथा अण्डरलाइन करने के लिए प्रयोग किये जाते है।

```
<html>
        <head>
                <title> VTMSS </title>
        </head>
        <body Text=”blue” Bgcolor=”black”>
                <p>
                        <b> this is bold Text.</b> <br>
                        <I> This is Italic Text.</I> <br>
                        <u> This is underline Text. </u><br>
                        <b><u><I> Veer Teja BCA College </B></u></I>

                </p>
        </body>
</html>
```

8 **<u><big> टग</u>**:–ब्राउजर में जो टैक्सट प्रदर्शित होता है उसका फोंट साइज 1 से 7 तक हो सकता है। जब हम फोंट के साइज को निर्धारित नहीं करते है तो उसका डिफॉल्ट फोंट साइज 3 होता है। यदि हम टैक्सट या उसके किसी भाग को इस टैग के बीच में लिखते है तो उसका फोंट साइज 1 से बढ जाता है। इसी प्रकार यदि दो बार इस टैग का प्रयोग किया जाए तो टैक्सट का साइज 2 से बढ जाता है। अर्थात साइज 5 हो जाती है।

9 **<u><small> टैग</u>**:–जिस प्रकार बिग टैग से फोंट साइज बढाई जाती है उसी प्रकार से इस टैग के प्रयोग से फोंट की साइज को घटाया जा सकता है।

```
<html>
        <head>
                <title> VTMSS </title>
        </head>
        <body Text=”blue” Bgcolor=”black”>
                <p>
```

```
                This is normal<br>
                <big> This is big</big><br>
                <big><big>this is double big</big></big><br>
                <small>this is Small</small><br>
                <small><small>this is samller</small></small>
            </p>
        </body>
</html>
```

10 **<strike>टैग**:–इस टैग का प्रयोग टैक्सट को स्ट्राइक थ्रू प्रभाव देने के लिए किया जाता है। इसके लिए <s>टैग का प्रयोग भी किया जाता है।

11 **<sub>, <sup>टैग**:–इन दोनो टैग्स का प्रयोग टैक्सट पर सबस्क्रिप्ट या सुपरस्क्रिट प्रभाव देने के लिए किया जाता है।

```
<html>
        <head>
            <title> VTMSS </title>
        </head>
        <body Text="blue" Bgcolor="black">
            <p>
                <strike> This is Strike </strike><br>
                <s> This is Strike 1</s><br>
                H<sub>2</sub><br>
                X<sup>2</sup>+Y<sup>2</sup>
            </p>
        </body>
</html>
```

**स्पेशल कैरेक्टर्स**:– वेब पेज पर स्पेशल जैसे © ® आदि को प्रदर्शित करवाया जा सकता है इन स्पेशल कैरेक्टर्स को प्रदर्शित कराने के लिए इन कोड अथवा नेम वैल्यू का प्रयोग करना होता है। इनकी सारणी निम्न प्रकार है–

| कोड | नेम वैल्यू | कैरेक्टर |
|---|---|---|
| " | &Quot; | " |
| © | © | © |
| ® | &Reg; | ® |
| < | < | < |
| > | > | > |
| & | & | & |
| ™ | ™ | TM |
|   |   | Non breaking space |

```
<html>
        <body>
        <p>
            see &quot;<br>
            see &copy;<br>
            see &reg;<br>
            see &lt;<br>
            see &gt;<br>
            see &amp;<br>
```

HTML

```
        see &trade;<br>
        see  the space
        see &#034;<br>
        see &#169;<br>
        see&#174;<br>
    </p>
    </body>
</html>
```

12 **<blink> टैग:**–इस टैग के बीच में लिखा गया टैक्सट ब्लिंक करता हुआ दिखाई देता है। ध्यान रहे कि इस टैग का प्रभाव इन्टरनेट एक्सप्लोरर पर प्रदर्शित नहीं होता है किन्तु वहीं यह नेटस्केप नेविगेटर पर सही रूप से कार्य करता है।

13 **<Hn> टैग (heading Tag)**- इस टैग का प्रयोग हैडिंग देने के लिए किया जाता है हैडिंग h1 से लेकर h6 तक हो सकते है। इस टैग के साथ निम्न एट्रीब्युट का प्रयोग किया जा सकता है: align- हैडिंग का अलाइनमेंट left, Right, Center, justify सेट करने के लिए।

```
<html>
    <head>
        <title>Veer Teja Mahila BCA College</title>
    </head>
    <body>
        <blink>WelCome</blink>
        <h1>Fruit Name</h1>
        <h2>Apple</h2>
        <h3>orange</h3>
        <h4>Mango</h4>
        <h5>Pineapple</h5>
        <h6>Banana</h6>
    </body>
</html>
```

14 **<hr> Tag (Horizontal Rule Tag)**-इस टैग का प्रयोग उर्ध्वाकार लाइन बनाने के लिए किया जाता है। इस टैग के साथ निम्न एट्रीब्यूट का प्रयोग किया जाता है।

| एट्रीब्यूट | विवरण |
|---|---|
| Size | लइन की मोटाई निर्धारित करने के लिए। उदा <hr size=20> |
| Width | लइन की चौडाई निर्धारित करने के लिए। चौडाई को प्रतिशत अथवा पिक्सल में दिया जा सकता है। उदा० <hr width="20%">, <hr with=20> |
| Noshade | लइन का शेड हटाने के लिए। उदा०<hr with="20%"noshade> |
| Align | लाइन का अलाइनमेंट सेट करने के लिए। उदा० <hr align="center"> |
| Color | लाइन का कलर सेट करने के लिए।<hr width="20%" color="blue"> |

```
<html>
    <head>
        <title>Veer teja College </title>
    </head>
    <body>
        <p>hello</p>
```

```
        <hr>

        <p>align=”center”> Sharda, Seema</p>
        <hr width=”40%” size=”20” color=”red”>

        <p>Premlata </p>
        <hr with=120 size=”30” color=”green” align=”left”>

        <p align=”right”> Ravina</p>
        <hr width=150 size=”10” noshade align=”right”>
    </body>
</html>
```

15 **<comment> Tag**-इस टैग के बीच में लिखा गया टैक्सट आउटपुट में प्रदर्शित नहीं होता है।

16 **<!--Comment--> Tag-** इस टैग का प्रयोग भी कमेंट लिखने के लिए किया जाता है किन्तु इसमे कमेट टैग के अंदर ही लिखना होता है।

```
<html>
    <body>
  < Comment> <p> Hello</p></comment>
    <p> world></p>
    </body>
</html>
```

```
<html>
    <!—body section-->
    <body>
        <!-- paragraph-->
        <p>hello World</p>
        </body>
</html>
```

17 **<div> Tag (Division Tag)-** इस टैग का प्रयोग नया सैक्शन बनाने के लिए किया जाता है इस प्रकार बनाए गए सैक्शन के अलाइनमेंट अलग अलग हो सकते है। इस टैग के साथ Align एट्रीब्युट का प्रयोग किया जाता है।

```
<html>
    <head>
        <title>veer teja College</title>
    </head>
    <body>
        <p> Hello, this is demo.
        <div align=”center”>
        <p> hello, this is demo 1 <br> of div Tag.
    </body>
```

HTML

</html>

वेब पेज पर टैक्सट को विभिन्न फोंटस, रंगो तथा आकार में प्रदर्शि कराया जाता सकता है। इसके लिए फोंट टैग का प्रयोग किया जाता है। वेब पेज पर टैक्सट के अलावा इमेज को भी प्रदर्शित कराया जा सकता हैं इसके लिए इमेज टेग का प्रयोग किया जाता है।

18 **<u><Font> Tag</u>**-इस टैग का प्रयोग टैक्सट को निश्चित फोंट साइज (1 से 7) तथा कलर प्रदर्शि करने के लिए किया जाताहै। इस टैग के एट्रीब्यूट निम्न प्रकार है।

| एट्रीब्युट | विवरण |
|---|---|
| Face | फोंट का नाम निर्धारित करने के लिए उदा <font face=”Tahoma”> |
| Color | क्लर निर्धारित करने के लिए उदा <font color=”blue”> |
| Size | फोंट का साइज निर्धारित करने के लिए उदा <font size=5> , <font size=”+2”> डिफॉल्ट वैल्यु 3 |

```
<html>
	<head>
		<title>BCA College </title>
	</head>
	<body>
		<p> <font face=”Arial black” size=5 color=”green”>
		Ravina, Sharda, Premlata, Seema.
		</font></p>
		<p><font face=”Comic sans ms” size=”+3” color=”blue”>
		Seema, Premlata, Sharda,Ravina
		</font> </p>
	</body>
</html>
```

19 **<u><img> Tag (Image Tag)</u>**-इस टैग का प्रयोग ब्राउजर में किसी इमेज को प्रदर्शित करने के लिए किया जाता है। निम्न प्रकार की इमेज फाइलो को लगभग सभी ब्राउजर स्पोर्ट करते है–

| फाइल टाइप | एक्सटेंशन नेम |
|---|---|
| GIF(Graphic Interchange Format) | .gif |
| JPEG(Joint Photographic Experts Group) | .jpg or .jpeg |
| XBM(X Bitmaps) | .xbm |
| XPM(X Pixelmaps) | .xpm |
| PNG(Portable Network Graphics) | .png |
| BMP(Bitmap) | .bmp |

इस टैग के निम्नलिखित एट्रीब्युट है–

| एट्रीब्युट | विवरण |
|---|---|

HTML

| | |
|---|---|
| Src | इमेज की लोकेशन सेट करने के लिए। किसी इमेज के पाथ को दो प्रकार से दिया जा सकता है। एब्सोल्यूट पाथ तथा रिलेटिव पाथ। एब्सोल्यूट पाथ में इमेज जहां स्टोर है उस पूरे पाथ को लिखा जाता है तथा रिलेटिव पाथ में इमेज तथा सोर्स प्रोग्राम यदि एक ही लोकेशन पर स्टोर हों तो पूरा पाथ देने की आवश्यकता नहीं होती केवल इमेज फाइल का नाम ही दिया जाता है। उदा <img src=”c:\images\1.jpg”>, <img src=”1.jpg”> |
| Width | इमेज की चौडाई निर्धारित करने के लिए उदा <img src=”c:\images\1.jpg” width=300> |
| Height | इमेज की उचाई निर्धारित करने के लिए उदा< img src=”c:\images\1.jpg” height=250> |
| Align | इमेज के साथ प्रदर्शित होने वाले टैक्सट का अलाइनमेंट सेट करने के लिए उदा < img src=”c:\images\1.jpg” align=”top”> डिफॉल्ट–बॉटम |
| Border | इमेज पर बॉर्डर सेट करने के लिए। उदा0 <img src=”C:\Images\1.jeg” border=5> |
| Hsapce | इमेज के दाई तथा बाई ओर खाली स्थान सेट करने के लिए उदा0 <img src=”C:\image\1.jpg” hspace=50> |
| Vspace | इमेज के उपर तथा नीचे की ओर खाली स्थान सेट करने के लिए उदा0<img src=”c:\image\1.jpg” vsapace=30> |
| Alt | इमेज के प्रदर्शित नहीं हो पाने की स्थिति में दिया गया टैक्सट सेट करने के लिए उदा0 <img src=’’C:\image\1.jpg” alt=image not found”> |

```
<html>
        <head>
        <title>Veer Teja College</title>
        </head>
        <body>
                <img src=”C:\Documents and Settings\All Users\Documents\My Pictures\Sample Pictures\sunset.jpeg” border=1 align=”top”> hello</img>
        </body>
</html>
```

20 **<marquee> Tag-** इस टैग का प्रयोग ब्राउजर में टैक्सट अथवा इमेज को चलाते हुए प्रदर्शित करने के लिए किया जाता है। इसके विभिन्न एट्रीब्युट निम्न प्रकार है–

| एट्रीब्युट | विवरण |
|---|---|
| Width | चौडाई निर्धारित करने के लिए उदा0 <marquee width=200> |
| Height | उचाई निध्ररित करने के लिए उदा <marquee height=”60%” |
| Direction | चलने वाले आब्जेक्ट की दिशा सेट करने के लिए उदा0 <marquee direction=”right” डिफॉल्ट वैल्यु– left |
| Behavior | ऑब्जेक्ट के चलने का तरीका scroll, slide or alternate सेट करने के लिए उदा <marquee behavior=”slide”> डिफॉल्ट वैल्यु alternate |
| Bgcolor | बैकग्राउड कलर सेट करने के लिए उदा <marquee bgcolo=”red”> |
| Hspace | दाई तथा बाई की ओर खाली स्थान सेट करने के लिए उदा0 <marquee hspace=40> |
| Vspace | उपर तथा नीचे की ओर खाली स्थान सेट करने के लिए <marquee vspace=30> |

```
<html>
        <head>
                <title> Veer Teja Colleage </title>
        </head>
        <body>
                <marquee> hello India</marquee>
                <marquee direction=”left”> hello VTMSS</marquee>
        </body>
```

```
</html>
```

**लिस्ट तथा हाइपरलिंक (List and Hyperlink)** :– एचटीएमएल में दो प्रकार की लिस्ट बनाई जा सकती है। बुलेट के साथ तथा नम्बर के साथ। बुलेट के साथ वाली लिसट के लिए <ul> तथा नम्बर वाली लिस्ट के लिए <ol> टैग का प्रयोग किया जाता है। इन टैग के बीच में अलग अलग पंक्तियो में दिखाने वाला टैक्सट<li> टैग में लिखा जाता है।

किसी टैक्सट या इमेज पर क्लिक करने पर कोई दूसरा डॉयूमेंट खोलने के लिए लिंक बनाना होता है इसके लिए एंकर टैग <a> का प्रयोग किया जाता है। एंकर से आशय पेज के किसी पैराग्राफ या इमेज को नाम प्रदान करने से है।

21 **<u><ul> Tag (unordered list Tag)</u>**-इस टैग का प्रयोग बुलेटेड लिस्ट बनाने के लिए किया जाता है। इसके एट्रीब्युट निम्न है– type-लिस्ट के अवयवो के पहले प्रदर्शि होने वाली बुलेट का टाइप disc, circle or square सेट करने के लिए उदा0<ul type=”square”> डिफॉल्ट वैल्यू–disc

22 **<u><li> Tag (list item Tag)</u>**- इस टैग का किसी लिस्ट के अवयवो को निर्धारित करने के लिए किया जाता है इस टैग को बंद करना अनिवार्य नहीं होता है।

```
<html>
        <head>
                <title> veer teja college</title>
        </head>
        <body>
                <ul     type=”circle”>
                        <li> Nagaur
                        <li>kota
                        <li>mundwa
                </ul>
        </body>
</html>
```

---

```
<html>
        <head>
                <title>veer teja colleage</title>
        </head>
        <body>
                <ul type=”square”>
                        <li> ajmer
                                <ul type=”circle”>
                                        <li>vaishali nagar</li>
                                        <li>Puskar Road<li>
                                </ul>
                        </li>
                        <li>Nagaur
                                <ul type=”square”>
                                        <li> Indra colony</li>
                                        <li> Sanjay colony</li>
                                </ul>
                        </li>
                        <li>kota</li>
                </ul>
        </body>
```

HTML

```
</html>
```

23 **<u><ol> Tag (ordered list Tag)</u>**-इस टैग का प्रयोग नमबर वाली लिस्ट बनाने के लिए किया जाता है। type- लिस्ट के तत्वो के पहले प्रदर्शित होने वाली संख्या का टाइप 1, i, I, a, A सेट करने के लिए। उदा0 <ol type=”A”> डिफॉल्ट वैल्यू–1 start-लिस्ट के अवयवो के पहले प्रदर्शित होने वाली संख्या की प्रारंभिक वैल्यू सेट करने के लिए उदा0 <ol type=”I” start=5>

```
<html>
    <head>
        <title>veer teja colleage</title>
    </head>
    <body>
        <ol>
            <li> ajmer<li>
        </ol>
        <ol type=”1”>
            <li> nagaur
            <li> Jaipur
            <li>Kota
        </ol>
        <ol type=”I” start=6>
            <li> Uadipur</li>
            <li>Jaisalmer</li>
            <li>nagaur</li>
        </ol>
    </body>
</html>
```

---

```
<html>
    <head>
        <title>veer teja colleage</title>
    </head>
    <body>
        <ol>
        <li> ajmer
        <ol type=”i”>
            <li>vaishali nagar</li>
            <li>Puskar Road<li>
        </ol>
        </li>
            <li>Nagaur
                <ol type=”I”>
                    <li> Indra colony</li>
                    <li> Sanjay colony</li>
                </ol>
            </li>
            <li>kota</li>
        </ol>
    </body>
```

```
</html>
```

24 **<dl> Tag (definition List Tag)**- इस टैग का प्रयोग डेफिनेशन लिस्ट अर्थात ग्लोजरी बनाने के लिए किया जाता है।

```
<html>
	<head>
		<title>veer teja college</title>
	</head>
	<body>
		<dl>
			<dt>mouse</dt>
				<dd> mouse is an pointing device </dd>
			<dt>printer</dt>
				<dd> printer is an output device</dd>
			<dt>cd</dt>
				<dd> cd is a storage device</dd>
		</dl>
	</body>
</html>
```

25 **<dir> Tag**-इस टैग का प्रयोग बुलेटेड लिस्ट बनाने के लिए किया जाता है।

26 **<menu> Tag**- इस टैग का प्रयोग भी बुलेटेड लिस्ट बनाने के लिए किया जाता है।

```
<html>
	<head>
		<title>veer teja college</title>
	</head>
	<body>
		<dir>
			<li>ravina
			<li>seema
			<li>premlata
			<li>Sharda
		</dir>
		<menu>
			<li>Sharda
			<li>premlata
			<li>seema
			<li> ravina
		</menu>
	</body>
</html>
```

27 **<a> Tag (Anchor Tag)**-इस टैग का प्रयोग किसी टैक्सट या इमेज पर हाइपरलिंक सेट करने के लिए किया जाता है। हाइपरलिंक दो प्रकार के होते है–

1 external hyperlink

2 internal hyperlink

इस टैग के साथ निम्न एट्रीब्युट का प्रयोग किया जाता है–

Href-किसी फाइल अथवा लोकेशन को सेट करने के लिए<a href="c:\my\abc.html">

Target- इसके द्वारा इंगित फाइल को किसी अन्य फ्रेम या विंडो में प्रदर्शित करने के लिए <a href="c:\my\abc.htm" target="xyz">

Extrnal hyperlink- एक्सटर्नल हाइपरलिंक की सहायता से टैक्सट या किसी अन्य ऑब्जेक्ट को किसी दूसरे डॉक्यूमेंट के साथ लिंक किया जाता है।

Internal hyperlink-इन्टरनल हाइपरलिंक में टैक्सट को उसी डॉक्यूमेंट की किसी अन्य लोकेशन के साथ लिंक किया जाता है। इसके लिए हमें उसी डॉक्यूमेंट में hrefके id एट्रीब्यूट की सहायता से बुर्कमार्क बनाने होगे। बुकमार्क पर जाने के लिए href में बुकमार्क का नाम # के बाद टाइप करना होता है।

```
<html>
        <head>
                <title>demo</title>
        </head>
        <p> <a href=”#bottom”> goto bottom </a></p>
        <p><a id=”top”> this is top of the page</a></p>
        <br>
        <br>
        <br>
        <br>
        <p> <a href=”#bottom”>this is bottom of the page</a></p>
        <p><a id=”top”> goto top</a></p>
        </body>
</html>
```

..................................

```
<html>
        <body>
        <title>demo</title>
        </head>
        <body>
                <a href=”First.html” target=”abc”>click me</a>
        </body>
</html>
```

-------------------

**टेबल:–** एचटीएमएल में टेबल बनाने के लिए <table> टैग का प्रयोग किया जाता है। टेबल बनाने के लिए सर्वप्रथम यह निर्धारित करना होता है कि उसमें कितनी पंक्तियां तथा कितने कॉलम होगें। टेबल की पंक्तियां बनाने के लिए <tr> Tag तथा हैडिंग व डेटा स्टोर करने के लिए क्रमश <th> or <td> टैग का प्रयोग किया जाता है। इसके अलावा टेबल के बैकग्रउड में इमेज या किसी कलर को भी सेट किया जा सकता है।

28 **<u><table> Tag</u>**–इस टैग का प्रयोग टेबल बनाने के लिए किया जाता है। इसके एट्रीब्यूट निम्न प्रकार है–

| एट्रीब्युट | विवरण |
|---|---|
| Border | टेबल की बॉर्डर सेट करने के लिए उदा0 <table border=2> |
| Width | टेबल की चौडाई सेट करने के लिए उदा0 <table width=200>, <table width=”80%”> |
| Height | टेबल की उचाई सेट करने के लिए उदा0 <table height=500> |
| Cellspacing | विभिन्न सेल के बीच की दूरी सेट करने के लिए उदा0<table cellspacing=10> |
| Cellpadding | सेल के किनारो से टैकसट कीद दूरी सेट करने के लिए उदा0 <table cellpadding =10> |
| Bgcolor | टेबल का बैकग्राउड कलर सेट करने के लिए <table bgcolor=”yellow”> |
| Background | टेबल के बैकग्राउड में किसी इमेज को सेट करने के लिए <table background=”c:\my\flower.jpg”> |

| | |
|---|---|
| Align | टेबल का अलाइनमेंट सेट करने के लिए। <table align=”right”> |
| Hspace | दांई तथा बांई ओर खाली स्थान सेट करने के लिए।<table hspace=20> |
| Vspace | उपर व नीचे की ओर खाली स्थान सेट करने के लिए<table vspace=50> |
| Bordercolor | टेबल की बॉर्डर का कलर सेट करने के लिए<table brodercolor=”blue”> |

29 **<tr> Tag (table row tag)**- इस टैग का प्रयोग टेबल में पंक्ति को बनाने के लिए किया जाता है। इसक निम्न एट्रीब्युट है–

| एट्रीब्युट | विवरण |
|---|---|
| Align | अलाइनमेंट सेट करने के लिए <tr align=”Right”> |
| Valign | लंबवत अलाइनमेंट सेट करने के लिए <tr valign=”bottom”> |
| Bgcolor | बैकग्राउड कलर सेट करने के लिए <tr bgcolor=”blue”> |
| Background | बैकग्राउड इमेज सेट करने के लिए <tr background=”c:\wall.jpg”> |
| Bordercolor | बॅर्डर कलर सेट करने के लिए <tr bordercolor=”green”> |

30 **<th> Tag (Table Heading Tag)**-इस टैग का प्रयोग टेबल में कॉलम का हैडिंग निर्धारित करने के लिए किया जाता है।

31 **<td> Tag (Table Data Tag)**-इस टैग का प्रयोग टेबल के सेल में डेटा स्टोर करने के लिए किया जाता है। इसके निम्नलिखित एट्रीब्युट है–

| एट्रीब्युट | विवरण |
|---|---|
| Align | अलाइनमेंट सेट करने के लिए <td align=”Right”> |
| Valign | लंबवत अलाइनमेंट सेट करने के लिए <td valign=”bottom”> |
| Bgcolor | बैकग्राउड कलर सेट करने के लिए <td bgcolor=”blue”> |
| Background | बैकग्राउड इमेज सेट करने के लिए <td background=”c:\wall.jpg”> |
| Bordercolor | बॅर्डर कलर सेट करने के लिए <td bordercolor=”green”> |
| Width | सेल की चौडाई से करने के लिए <td width=50> |
| Height | सेल की उचाई सेट करने के लिए<td height=30> |
| Colspan | एक से अधिक उर्ध्वाकार सेलो को आपस में मर्ज करने के लिए <td colspan=2> |
| rowspan | एक से अधिक लंबवत सेलो को आपस में मर्ज करने के लिए <td rowspan=3> |

```
<html>
        <head>
        <title>veer teja college</title>
        </head>
        <body>
                <table border=1 brodercolor=”red” align=”center”>
                        <tr>
                                <th> name</th>
                                <th>city</th>
                        </tr>
                        <tr>
                                <td> arpit</td>
                                <td>nagaur</td>
                        </tr>
                        <tr>
                                <td> raju</td>
                                <td>kota</td
                        </tr>
                </table>
```

```
        </body>
</html>
-----
<html>
        <head>
        <title>veer teja college</title>
        </head>
        <body>
                <table   border=1   brodercolor=”red”   align=”center”   cellspacing=10
cellpadding =10 width=350>
                        <tr bgcolor=”yellow” align=”center”>
                                <th> name</th>
                                <th>city</th>
                        </tr>
                        <tr bgcolor=”green” align=”left”>
                                <td> arpit</td>
                                <td>nagaur</td>
                        </tr>
                        <tr>
                                <td> raju</td>
                                <td>kota</td
                        </tr>
                </table>
        </body>
</html>
```

32 **<caption>Tag**-इस टैग का प्रयोग टेबल का टाइटल सेट करने के लिए किया जाता है।

```
<html>
        <head>
        <title>veer teja college</title>
        </head>
        <body>
                <table border=1 bordercolor=”red” align=”center”>
                        <caption> BCA Colleage Student</caption>
                        <tr>
                                <th> name</th>
                                <th>city</th>
                        </tr>
                        <tr>
                                <td> Sharda</td>
                                <td>Kuchera</td>
                        </tr>
                        <tr>
                                <td> premLata</td>
                                <td>Nagaur</td
                        </tr>
                </table>
        </body>
```

```
</html>
```

33 **<thead>, <tbody>,<tfoot> Tag**-इनका प्रयोग टेबल का हैडर, फुटर, बॉडी डिफाइन करने के लिए किया जाता है।

```
<html>
	<head>
	<title>veer teja college</title>
	</head>
	<body>
		<table border=1 brodercolor="red" align="center">
			<thead>
			<tr>
				<th>A</th>
				<th>B</th>
			</tr>
			</thead>
			<tfoot>
				<tr>
					<td> E</td>
					<td>F</td>
				</tr>
			</tfoot>
			<tbody>
				<tr>
					<td> C</td>
					<td>D</td
				</tr>
			</tbody>
		</table>
	</body>
</html>
```

**फॉर्म तथा फ्रेम**– वेब पेज पर यूजर डेटा पढ ही सकता है ऐसे पेज को स्टेटिक वेब पेज कहा जाता है किसी वेब पेज में डेटा पून सर्वर पर भेजने के लिए फॉर्म का प्रयोग किया जाता है। एक प्रकार से यह कहा जा सकता है कि फॉर्म के प्रयोग से वेब पेज को इंट्रेक्टिव बनाया जा सकता है। दूसरी और एक ही ब्राउजर विंडो में एक से अधिक वेब पेज भी दर्शाए जा सकते है। इसके लिए हमें ब्राउजर विंडो में अलग अलग फ्रेम बनाने होगे जिनमें अलग अलग वेब पेज दिखाए जा सकते है इसके लिए हमें <frameset> or <frame> Tag का प्रयोग करना होता है।

34 **<form> Tag**- इस टैग की सहायता से वेब पेज पर </html> टैक्सट बॉक्स, चैक बॉक्स, रेडियो बटन, कमाण्ड बटन, टैक्सट एरिया, ड्रॉप डाउन लिस्ट आदि बना सकते है। इन कंट्रोल्स की आवश्यकता मुख्यत तब पडती है जब यूजर से कोई जानकारी लेनी हो। इस टैग के method एट्रीब्युट के माध्यम से सर्वर पर डेटा भेजने के दो अलग अलग तरीके है जो निम्नप्रकार है– 1 get 2 post . इस टैग में निम्न टैग्स का प्रयोग किया जा सकता है– <input>, <select>, <textarea> Tag

35 **<input> Tag**-इस टेग की सहायता से वेब पेज पर टैक्सट बॉक्स रेडियो बटन आदि बना सकते है। इसके विभिन्न एट्रीब्युट निम्न प्रकार है–

1 type- टैक्सट बॉक्स, चैक बॉक्स, रेडियो बटन, कमांड बटन बनाने के लिए। उदा0 1 <input type="textbod"> 2 <input type="password">

<html>

```
        <head>
                <title> BCA</title>
        </head>
        <form>
                enter your name: <input type=”text” size=20> <br><br>
                enter password: <input type=”password” size=10><br><br>
                enter gender:       <input type=”radio” name=”g”>male
                                    <input type=”radio” name=”g”>female<br><br>
                enter Hobbies:      <input type=”checkbox”> music
                                    <input type=”checkbod”>games<br><br>
        </form>
</html>
```

36 **<select> Tag**- इस टैग की सहायता से वेब पेज पर ड्रापडाउन लिस्ट बनाई जा सकती है। इसके अवयवो को डिफाइन करने के लिए <option> टेग का प्रयोग किया जाता है।

37 **<textarea> Tag**-इस टैग की सहायता से वेब पेज पर मैसेज आदि लिखने के लिए एक से अधिक लाइ का टैक्सट बॉक्स बनाया जा सकता है।

```
<html>
        <head>
                <title>bca</title>
        </head>
        <form>
        select your city:
        <select>
                <option>Nagaur</option>
                <option>Kota</option>
                <option>Ajmer</option>
        </select>
        enter your comments:
        <textarea rows=5 cols=40> hello </textarea>
        </form>
</html>
```

38 **<frameset> Tag**- इस टेग का प्रयोग ब्राउजर के बॉडी सैक्शन को एक से अधिक भागो में विभाजित करने के लिए किया जाता है। जब इस टैग का प्रयोग किया जाता है तो बॉडी टैग का प्रयोग नहीं किया जाता है। इस टैग की सहायता से अलग अलग फ्रेम बना लेने के बाद इन फ्रेम में अलग अलग एमटीएमएल फाइलो को लोड किया जा सकता है इस टेग के साथ निम्न एट्रीब्यूट प्रयोग किये जाते है–

39 **<frame> Tag**-इस टैग का प्रयोग ब्राउजर में सूचनाओ को प्रदर्शित करने के लिए किया जाता है। इस टैग के एट्रीब्युट निम्न है–

| | |
|---|---|
| Name | फ्रेम का नाम निर्धारित करने के लिए <frame name=”Ram”> |
| Src | फ्रेम में लोड होने वाली फाइल का लोकेशन बताने के लिए <frame name=”ram” src=”c:\my\shyam.html”> |
| Scrolling | फ्रेम में स्क्रालबार की सुविध के लिए <frame name=”b” src=”c:\my\shyam.htm” scrolling=”no”> |
| Noresize | फ्रेम का साइज परिवर्तित नही करने के लिए <frame name=”b” src=”c:\my\shyam.htm” noresize> |
| Frameborder | फ्रेम में बॉर्डर दर्शाने या नहीं दर्शाने के लिए <fram name=”b” framborder=”no”> |
| Bordercolor | बॉर्डर का कलर निर्धारित करने के लिए <frame name=”b” bordercolor=”red”> |

```
<html>
```

```
        <head>
                <title>bca</title>
        </head>
        <frameset cols=”300,*” border=10 bordercolor=”green”>
        <frame name=”x”>
        <frame name=”y”>
        </frameset>
</html>
```

| | |
|---|---|
| Height | फ्रेम की उचाई निर्धारित करने के लिए <iframe height=”50%”> |
| Width | फ्रेम की चौडाई निर्धारित करने के लिए <iframe width=”50%”> |
| Src | फ्रेम में लोड होने वाली फाइल की लोकेशन बताने के लिए <iframe height=”60%” src=”c”\my\shyam.html”> |
| Name | फ्रेम का नाम निर्धारित करने के लिए <iframe height=”50%” width=”80%” name=”ram”> |
| Frameborder | बॉर्डर दर्शाने या नहीं दर्शाने के लिए <iframe height=”50%” frameborder=0> |
| Scrolling | फ्रेम में स्कालबार की सुविधा के लिए (yes/no/auto) <frame src=”c:\my\shyam.htm” scrolling=”no”> default value=auto |
| Hspace | दांई व बांई ओर खाली स्थान सेट करने के लिए <frame src=”c:\my\ram.htm” hspace=20> |
| Vspace | उपर व नीचे की ओर खाली स्थान सेट करने के लिए <frame src=”c:\my\ram.htm” vspace=30> |

40 **<u><iframe> Tag (inline frame Tag)</u>**- इस टैग का प्रयोग वेब पेज में किसी भी स्थान पर फ्रेम बनाने के लिए किया जाता है। उदाहरण के लिए इसके माध्यम से ब्राउजर विंडो के बीच में भी फ्रेम बना सकते है। इसे इनलाइन या फलोटिंग फ्रेम भी कहते है। इस टेग को प्रयोग में लेने के लिए <frameset> टेग की आवश्यकता नही होती।इसके विभिन्न एट्रीब्युट निम्न प्रकार है–

```
<html>
        <head>
                <title>demo</title>
        </head>
        <body>
                <center>
                        <iframe width=60% height=50% src=”two.html”>
                        </iframe>
                </center>
        </body></html>
```

| | |
|---|---|
| एट्रीब्युट | विवरण |

HTML

| | |
|---|---|
| Cols | फ्रेम को लंबवत भागो मे विभाजित करने के लिए <frameset cols=”30%,*”>, <frameset cols=300,*”> |
| Rows | फ्रेम को उर्ध्वाकार भागो में विभाजित करने के लिए। इसमे दी जाने वाली वैल्यूज प्रत्येक सेल का हिस्सा प्रतिशत या पिक्सल में दिया जाता है। यदि वैल्यू में * दिया जाता है तो उसका आशय शेष हिस्से से होता है। <frameset rows=”30%,70%”> |
| Bordercolor | बॉर्डर का कलर निर्धारित करने के लिए <frameset rows=”30%,70%” bordercolor=”blue”> |
| Border | बॉर्डर की चौडाई सेट करने के लिए <frameset rows=”30%70%” border=10> |
| Frameborder | बॉर्डर दर्शाने अथवा नहीं दर्शाने के लिए।<frameset rows=”30%” frameborder=”no”> |

O level computer course
यहां पर आप को ओ लेवल कम्प्यूटर कोर्स का स्टडी मैटेरियल मिलेगा
telegram link ⬇️

https://t.me/olevelcomputer

HTML